**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**22.07.2026 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 477 का उत्तर**

**लक्जरी ट्रेनों में आधिकारिक मानार्थ यात्रा**

**477. श्री माथेश्वरन वी. एस.:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार को दिनांक 18.03.2026 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4156 के संबंध में रेल मंत्रालय द्वारा दिए गए असंतोषजनक उत्तर के संबंध में संसद सदस्यों से कोई प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**

**(ख) वर्ष 2014 से आज तक पैलेस ऑन व्हील्स, महाराजा एक्सप्रेस और डेक्कन ओडिसी जैसी लक्जरी ट्रेनों में मानार्थ यात्रा का लाभ उठाने वाले रेलवे अधिकारियों का नाम, पदनाम और यात्रा की श्रेणी सहित वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) और (ख): दिनांक 18.03.2026 के अतारांकित प्रश्न सं.4156 के उत्तर में उल्लेख किया गया था कि रेलवे के पास नियमों के अनुसार रेलवे के अधिकारी/कर्मचारी अपने परिवार के साथ भारतीय रेल की रेलगाड़ियों में यात्रा करने के पात्र हैं।**

**इसके अलावा, विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार पिछले 12 वर्षों में पैलेस ऑन व्हील्स, महाराजा एक्सप्रेस और डेक्कन ओडिसी में यात्रा करने वाले रेलवे के अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार है :**

**<u>पैलेस ऑन व्हील्स :</u>**

| यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या (अदद) | यात्रा करने वाले रेलवे के अधिकारियों/ कर्मचारियों की संख्या (अदद) |
|---|---|
| 12,278 | 155 (1.26 प्रतिशत) |

**<u>महाराजा एक्सप्रेस :</u>**

| यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या (अदद) | यात्रा करने वाले रेलवे के अधिकारियों/ कर्मचारियों की संख्या (अदद) |
|---|---|
| 11,522 | 145 (1.26 प्रतिशत) |

**<u>डेक्कन ओडिसी :</u>**

| यात्रा करने वाले कुल यात्रियों की संख्या (अदद) | यात्रा करने वाले रेलवे के अधिकारियों/ कर्मचारियों की संख्या (अदद) |
|---|---|
| 8,106 | 36 (0.44 प्रतिशत) |

******